9.5.24

D
Pg. 1 D+

# कुंजी

Tender Heart High School, Sec. 33-B, Chd.

कक्षा- सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी साहित्य (पाठ-4 तीन प्रश्न) कुंजी

पुस्तक- नवतरंग-7

संक्षेप में
प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

प्रश्न-(क) राजा ने साधु से अपने प्रश्नों के उत्तर पूछने का निश्चय क्यों किया?

उत्तर- राजा ने साधु से अपने प्रश्नों के उत्तर पूछने का निश्चय किया क्योंकि राज्य में कोई भी व्यक्ति राजा को सही उत्तर देने में सक्षम नहीं था। राजा को अपने प्रश्नों के जो भी उत्तर मिले राजा उनसे संतुष्ट नहीं हुए।

प्रश्न-(ख) राजा साधु की कुटिया में पैदल क्यों गया?

उत्तर- राजा साधु की कुटिया में पैदल इसलिए गया क्योंकि वह जानता था कि साधु न ही अपनी कुटिया से बाहर निकलते हैं और न ही किसी से मिलते हैं। वह केवल दीन-दुखियों से मिला करते थे। इस कारण राजा साधारण वस्त्र पहनकर पैदल ही साधु की कुटिया पर गया।

विस्तार से:-

प्रश्न-(क) राजा बड़ा प्रसन्न हुआ कि ऐसा घातक शत्रु सहज में ही मित्र बन गया। यहाँ किस शत्रु की बात हो रही है? वह राजा का मित्र कैसे बन गया?



Tutorial
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

# कुंजी



कक्षा- सातवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय - हिंदी साहित्य (पाठ-4 तीन प्रश्न)

उत्तर- राजा इसलिए बड़ा प्रसन्न हुआ क्योंकि एक ऐसा घातक शत्रु जोकि राजा से बदला लेने आया था, सहज ही में उनका मित्र बन गया। यहाँ उस शत्रु की बात हो रही है, जो राजा से अपने भाई का बदला लेना चाहता था, जिसका धन राजा ने हर लिया था। वह व्यक्ति जब जंगल में छिपकर राजा के लौटकर आने की प्रतीक्षा कर रहा था। तब राजा के सिपाहियों ने उसे पहचानकर गोली मार दी। वह भागता हुआ साधु की कुटिया की ओर गया, जहाँ राजा ने उसके घाव से निकल रहे खून को अपने रूमाल से रोका तथा घायल व्यक्ति को पानी पिलाया। साधु की मदद से उसे कुटिया के अंदर ले जाकर लेटा दिया। इस प्रकार राजा का अपने प्रति सेवा भाव देखकर वह राजा का मित्र बन गया।

प्रश्न-(ख) साधु के बारे में तीन-चार वाक्य लिखिए-
उत्तर-1. साधु बहुत दुबले और कमज़ोर थे।
2. साधु अपनी कुटिया से बाहर नहीं जाते थे। वे केवल दीन मनुष्यों से ही मिलते थे।
3. उनमें सेवा भाव और परोपकार की भावना थी।
4. वे जगत प्रसिद्ध विद्वान, बुद्धिमान साधु थे।

प्रश्न-(ग) क्या राजा ने घायल आदमी को माफ़ कर दिया था? उसके किन कार्यों से पता चलता है?
उत्तर- हाँ, राजा ने घायल व्यक्ति को माफ़ कर दिया था।



Tutorial
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

9.5.24

Pg. 3 B+

## कुंजी

कक्षा- सातवीं सुमन शर्मा
विषय- हिंदी साहित्य (पाठ-५ तीन प्रश्न)

जब उस व्यक्ति ने राजा को बताया कि वह अपने भाई का बदला लेने आया था। राजा द्वारा जान बचाए जाने के कारण वह उनसे क्षमा माँगता है और सारा वृत्तांत राजा को बताता है। वह राजा का दास बनकर उनकी सेवा करने की बात कहता है। सारी सच्चाई जानने के बाद राजा ने अपने वैद्य को उसकी दवा करने के लिए बुलाया और साथ ही अपने नौकर भी उस व्यक्ति की सेवा के लिए बुलाए। बस, राजा के इन्हीं कार्यों को देखकर यह पता चलता है कि राजा ने उस व्यक्ति को माफ़ कर दिया था।

(अंतिम पृष्ठ-3)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner